डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा, समस्तीपुर-८४८ १२५, बिहार

सं.१०७/कु.स./रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा, दिनांक १८.०६.२०२१

<u>विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से अपील</u>

हर्ष की बात है कि आप सभी के सहयोग से कोरोना संक्रमण रोकथाम की लड़ाई में हमलोग सफल हुए एवं आज इस परिसर में कोई भी कोरोना संक्रमित नहीं है एवं आशा करते हैं कि आप जहाँ भी होंगे अवश्य ही स्वस्थ होंगे । इसी क्रम में आपसे अनुरोध है कि आप जहाँ भी हों, आप कोरोना टीकाकरण अवश्य करवा लें साथ ही इस विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आपके अन्य मित्रों/सहपाठियों से भी कोरोना टीकाकरण करवाने हेतु प्रेरित करें जिससे आप सब अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकें और आगे की पढाई पूरे मनोयोग से कर अपना भविष्य अच्छा करें एवं विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन कर सकें । कभी-कभी परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए छात्र/छात्राओं के हित में प्रशासन को कड़े कदम/अप्रिय कदम उठाने होते हैं इससे धबराने की जरुरत नही है ।

हमलोग निकट भविष्य में पठन-पाठन शुरु करने की तत्परता से तैयारी कर रहें हैं । इसी क्रम में आपसे सहयोग की अपेक्षा करते हैं कि आपको पठन-पाठन हेतु जब भी बुलाया जाये उससे पूर्व कोरोना का दोनों टीकाकारण अवश्य ही करवा लें साथ ही टीकाकरण का प्रमाणपत्र अपने पास सुरक्षित रख लें जिसे विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय दिखाना होगा । यह भी सुझाव दिया जाता है कि विश्वविद्यालय में पठन-पाठन आरंभ होने के क्रम में आप एक सप्ताह पहले कोरोना का एंटीजन या आर.टी.पी.सी.आर जॉच अवश्य करवाकर ही यहाँ आवें जिसे आपके संबंधित महाविद्यालय/संस्थान में जमा करना होगा । यह आपके, आपके मित्र छात्रगण एवं पूरे परिसर के लिए हितकर होगा । कृपया ध्यान रखें कि बिना टीकाकरण के आपको छात्रावास में रखना और क्लास रुम में बैठने देना संभव नहीं होगा ।

आशा है कि आप सबों के लिए हमारा अनुरोध/सुझाव प्रियकर/हितकर होगा ।

प्र. प्रकाश 18/06/2021

(प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : माननीय कुलपति, रा.प्र.के.कृ.वि, पूसा को एनके सचिव के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित
प्रतिलिपिः सभी अधिष्ठाता/निदेशक, शिक्षा एवं निदेशक छात्र कल्याण को सूचनार्थ प्रेषित
प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी,ऐरिस सेल को विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित